भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता–जन स्वास्थ्य नीति एवं नियोजन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं और दायित्वः

- परामर्शदाता को आबंटित राज्य की राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए राज्यों की कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) पर उनके इनपुट/टिप्पणियों को सुव्यवस्थित करने में मंत्रालय के कार्यक्रम प्रभागों के साथ समन्वय करना।
- फील्ड दौरे करना और राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की निगरानी/समीक्षा करना।
- स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण के घटकों पर डेटा संग्रह और विश्लेषण करना।
- विषयगत क्षेत्रों पर तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराना।
- भारत के खराब निष्पादन कर रहे जिलों में विकेन्द्रीकृत योजना निर्माण और स्वास्थ्य प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- महामारी विज्ञान और एचएमआईएस इनपुट, दोनों का उपयोग करते हुए स्वास्थ्य योजनाएं बनाने और योजनाओं की समीक्षा एवं सुधार करने के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर क्षमता निर्माण करना। खराब निष्पादन वाले क्षेत्रों में अपेक्षित बजटएवं वित्तीय योजना तैयार करना।
- अध्ययन/मूल्यांकन प्रोटोकॉल तैयार करना और आवश्यकतानुसार अध्ययन करना और मार्गदर्शन करना।
- केंद्र में, और समय–समय पर सहमति अनुसार राज्यों में एनआरएचएम और उसके लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना।
- भर्ती हेतु सूचना तैयार करने, प्रस्तावों के आवेदन आमंत्रित करने आदि सहित राज्यों और जिला प्रशासन के लिए तकनीकी सहायता जानकारी जुटाना।
- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यताः

- जन स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर या उच्चतर योग्यता।
- स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य।
- स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान या सेवा प्रदायगी की योजना निर्माण एवं कार्यान्वयन के क्षेत्र में न्यूनतम 2 वर्षों का योग्यता उपरांत कार्य करने का अनुभव।
- आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस–वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम संचालित करने/जिला स्तरीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने हेतु कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव।
- तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने की योग्यता।

आयु सीमाः आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 45 वर्ष तक।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 60,000/– रु. से 1,20,000/– रु. के बीच

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **9-Sep-2020** तक nhm.recruitments@gmail.com पर **केवल** ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।